रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 30 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 166 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# CM मोहन और केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की आदिवासियों की जमीन पर चर्चा

## देवास विस्थापन मामले में जांच के आदेश, वन विभाग को सख्त निर्देश

भोपाल। मध्य प्रदेश में आदिवासी समुदाय के अधिकारों के हनन और उनकी भूमि से बेदखली के संवेदनशील मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच अहम मुलाकात हुई। यह बैठक मुख्यमंत्री निवास पर हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान खोजना था।

हाल ही में देवास जिले के खातेगांव स्थित खिवनी अभयारण्य क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगभग 50 आदिवासी परिवारों को बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के उनकी जमीन से बेदखल करने का मामला सामने आया था। इन आदिवासी परिवारों का आरोप है कि उन्हें बेघर कर दिया गया, जिससे उनकी आजीविका और जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री दोनों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### CM मोहन के सख्त निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अमानवीय कृत्य के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, पीड़ित आदिवासी परिवारों को तत्काल राहत और सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए, जिसमें आवास, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाएं शामिल हैं।



### वन विभाग को दो टूक चेतावनी

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से वन विभाग को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश के मौजूदा मौसम में ऐसी किसी भी बेदखली की कार्रवाई से पूरी तरह बचा जाए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी कार्रवाई से न केवल आदिवासी समुदाय का जीवन सुरक्षित रहे, बल्कि जंगल और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे।

### CM मोहन ने 'X' पर साझा की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मुलाकात और लिए गए निर्णयों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर साझा की। उन्होंने लिखा, "हमारी सरकार गरीबों की सरकार है, गरीबों के साथ है। आज भोपाल निवास पर केंद्रीय मंत्री, भाईसाहब शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में खिवनी अभयारण्य के लिए वन विभाग की कार्रवाई से प्रभावित जनजातीय समुदाय के नागरिकों से भेंट की। उनकी शिकायतों को सुना और जांच के निर्देश दिए।

## गोरखपुर आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गोरखनाथ मंदिर में करेंगी दर्शन, AIIMS के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आ रही हैं वे यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी उनके इस दौरे की खास बात ये है कि वे गोरखपुर एयरपोर्ट से हर जगह सड़क मार्ग से जाएंगी इस दौरान वे 129 किलोमीटर का सफर कार से तय करेंगी।



जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू आज 30 जून (सोमवार) को गोरखपुर आएंगी और 1 जुलाई को वापस प्रस्थान करेंगी. राष्ट्रपति सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर छात्र-छात्राओं को पदक देंगी. वहीं 1 जुलाई को वे सुबह राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन वे प्रसाद भी ग्रहण करेंगी। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी गोरखपुर पधार चुके हैं. वे 10 दिसंबर 2018 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह में, 28 अगस्त 2021 को आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में और 4 जून 2022 को गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष शुभारंभ समारोह में शामिल हुए थे. वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी द्रौपदी मुर्मू को दिवसीय यात्रा पर आमंत्रित कर सीएम योगी एक नया कीर्तिमान रचने जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर मंत्री विजय शाह खिवनी पहुंचे

## मुख्यमंत्री जी ने मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए भेजा है - मंत्री विजय शाह

## बारिश और कीचड़ पैदल चल कर जनजातीय परिवारों से मिलने पहुँचे मंत्री शाह

## मंत्री शाह ने आर्थिक सहायता के चेक प्रदान कर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया भरोसा

**संजय प्रेम जोशी**

प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह देवास जिले में खिवनी अभ्यारण में अतिक्रमण मुक्त कराये क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवारो के बीच पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों के बीच बैठकर उनके हालचाल पूछे, दुख-दर्द बांटा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि "मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा मुझे आप सभी का हाल जानने और मदद के लिए यहां भेजा गया है। सरकार आपके साथ खड़ी है। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि आप पुनः अपने आशियाने बसा सकें।"

### शाह का संवाद रहा भावात्मक

मंत्री विजय शाह प्रभावितों से चर्चा की इस मौके पर उनका संवाद भावनात्मक रहा, जिसमें सच्चे अपनत्व और विश्वास की झलक दिखी।

### गाड़ी छोड़ पैदल ही गांव की ओर निकले

खिवनी तक जाने के लिए रास्ता कीचड़ भरा था । ऐसे में अपनी गाड़ियां छोड़कर अफसरों के साथ मंत्री विजय शाह पैदल ही गांव की ओर निकले। इसके बाद मंत्री विजय शाह और विधायक आशीष शर्मा एवं अधिकारीगण पैदल चलते हुए प्रभावित आदिवासियों के घर पहुंचे। बाद में ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर वो वापस लौटे ।



### आदिवासी परिवार को 06 माह का अतिरिक्त राशन, 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी

माननीय मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के निर्देशानुसार देवास जिले में खिवनी में अतिक्रमण मुक्त कराये गए क्षेत्र से प्रभावित आदिवासी परिवार को हर संभव सहायता करने तथा मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सभी प्रभावित परिवार को 06 माह का अतिरिक्त खादय् राहत सामग्री एवं सभी परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदाय की गई है और पका हुआ भोजन भी उपलब्ध किया जा रहा है|

विशेष भेंटवार्ता – रणजीत टाइम्स

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मनोज जी परमार से विशेष भेंट



रणजीत टाइम्स के सह-संपादक आदित्य शर्मा जी ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जी परमार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, जनकल्याण और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। भेंट के दौरान आदित्य शर्मा जी ने महिलया की प्रतीक प्रतिमा भेंट की, जो नारी सम्मान और शक्ति का प्रतीक है। यह स्मृति चिह्न राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को समर्पित एक भावपूर्ण संदेश माना गया।

इस मुलाकात ने सामाजिक एकता और जागरूकता को नई दिशा देने का संदेश दिया।

**रिपोर्टः रणजीत टाइम्स न्यूज़ डेस्क**

# बड़िया मांडू में मारपीट के दौरान हत्या

**संजय प्रेम जोशी**

दिनांक 26-27 जून 2025 की मध्यरात्रि को ग्राम पंचायत बड़ियामाण्डू के मालवीय मोहल्ला में एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई, जिसमें हमीर पिता जगन्नाथ गदारिया, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मेरुखेड़ी, थाना हाटपिपल्या, गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पप्पू पिता आत्माराम मालवीय तथा उसके कुछ रिश्तेदारों ने योजनाबद्ध रूप से हथियारों व लाठियों से हमीर पर हमला किया। घटना के पश्चात हमीर घायल अवस्था में घटनास्थल पर पड़ा मिला, जिन्हें ग्रामीणों व सरपंच श्री जोगेन्द्र सिंह द्वारा डायल 108 एम्बुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार हेतु शासकीय अस्पताल हाटपिपल्या भिजवाया गया, जहाँ से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल देवास रेफर किया गया। दिनांक 28.06.2025 को इलाज के दौरान जिला अस्पताल देवास में हमीर की मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना कोतवाली देवास में मर्ग क्रमांक 00/82/2025 पंजीबद्ध किया गया। प्राप्त पीड़ित पक्ष के कथनों, वायरल वीडियो व साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि हमीर की मृत्यु मारपीट से आई गंभीर चोटों के कारण हुई है। घटनास्थल, समय, साजिशन हमला, तथा पूर्व में हुई कहासुनी को ध्यान में रखते हुए आरोपी पप्पू पिता आत्माराम मालवीय व उसके सहयोगियों के विरुद्ध बी.एन.एस. की धारा 103(1), 3(5) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। थाना हाटपिपल्या पुलिस द्वारा इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



# वैश्वीकरण व असीमित विकल्पों के दौर में द्वंद्व रहित जीवन संभव है सहजयोग से



जीवन की परिस्तिथियों में लिप्त ना होना, सुख दुख से परे जाकर जिंदगी का आनंद उठाना यूं अपने आप में समाया होना कि , हर समस्या का समाधान सहजता से प्राप्त हो यह सब जीवन जीने की कला है जो योग के बाद ध्यान करने से मनुष्य के भीतर विकसित होती है। "जब कुंडलिनी सहस्त्रार का भेदन करती है, तो आप अपने हाथों में शीतल हवा महसूस करते हैं। यह सौम्य शीतल लहरियां हैं जो कि पवित्र आत्मा या इस सर्वव्यापी शक्ति की ठंडी हवा है। लेकिन जब आप इस अवस्था को प्राप्त करते हैं तो आप आत्मा बन जाते हैं, आप उस पहिए की तरह अत्यंत शान्त बन बन जाते हैं, जो गतिशील है। और अगर आपका चित्त पहिए पर है, उसकी परिधि पर है, तब आपका मन भी हर समय चलायमान रहता है। लेकिन अगर आप पहिए की धुरी पर चित्त डालें, तो यह मौन है। अतः आप पूर्ण मौन के क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं और आप वहाँ से हरेक चीज़ को एक नाटक, एक लीला की तरह देखते हैं। यह सब चीजें आपके साथ सहज ही घटित होती हैं। आप पहले से ही इसी तरह से बनाए गए हैं .......... जिस तरह यहां सभी बिजली के बल्ब पहले से ही लगे हुए हैं, उसी प्रकार आपके अंदर ही सब कुछ बना बनाया हुआ है। अगर आपको रोशनी करनी है तो आपको बस उस बटन को दबाना मात्र है। "

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी जी के 5 अगस्त 1991 के प्रवचन से साभार हम देख रहे हैं विश्व कितनी तेजी से बदल रहा है। तकनीकी विकास ने, इस ग्लोबलाइजेशन ने जैसे विश्व को एक सूत्र में जोड़ दिया है। परंतु साथ ही साथ हम एक अशांति में प्रवेश होने से स्वंय को बचा नहीं पा रहे हैं। तकनीकी विकास ने मानवता, इंसानियत और भाई चारे को लगभग समाप्त ही कर दिया है। इंसान भी जैसे भावहीन मशीन सा बन गया है. बस पैसे कमाना, सुख सुविधाओं का उपयोग यही जिंदगी बन गई है। धर्म, राजनीति, परिवार और समाज हर जगह द्वंद्व है. जो जन साधारण के अंतर में बेचैनी का भाव भर रहा है. . वर्तमान में स्थिति यह है कि हमारे आसपास के बदलते परिवेश का प्रभाव हम पर इतना अधिक होता है कि हम हम एक बेचैनी से भरा जीवन जीने को विवश होते हैं. शांति से यदि जीवन जीना है तो हमें ध्यान योग से जुड़ना चाहिए. सहज योग से जुडने पर जब हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति का जब जागरण होता है तब हमारे अंदर कई गुण विकसित होते हैं जिसमें एक गुण है साक्षी भाव। साक्षी भाव के जागृत होते ही हम पर आसपास के घटनाओं का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता और हम हर एक घटना को साक्षी बनकर देखने लगते हैं। अतः सहज योग से जुड़कर आत्म साक्षात्कार पायें और जीवन का आनंद उठायें. अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइटsahajayoga.org.in पर देख।

# समग्र ई-केवाईसी का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें - सीईओ नरवरिया

## कार्य में रुचि न लेने बाले 11कर्मचारियों को दिए नोटिस तो बहीं अच्छा कार्य करने बाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

जगदीश पाल

पिछोर( शिवपुरी ) गत दिवस जनपद पंचायत कार्यालय पिछोर में उपायुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन. एस. नरवरिया ने पिछोर जनपद पंचायत के सभी सचिव,ग्राम रोजगार सहायक, एडीओ, पीसीओ, उपयंत्री आदि की समीक्षा बैठक ली !जिसमें सीईओ नरवरिया ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर संचालित सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं आई तो संबंधित कार्य न करने बाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे, समीक्षा बैठक के दौरान समग्र ई-केवाईसी में सबसे अच्छा कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत सेमरी के सचिव अजब सिंह लोधी को शील्ड देकर सम्मानित किया वहीं समग्र ई-केवाईसी में अच्छी प्रगति न देने बालें ग्यारह ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओं नोटिस जारी किये जिसमें ग्राम पंचायत बक्सनपुर के सचिव सुरेंद्र गेंडा तथा सहायक सचिव ज्योति यादव, बूढ़ोनकरेरा सचिव अजय गुप्ता तथा सहायक सचिव बृजमोहन लोधी, नागुली सचिव कृष्णपाल परमार




तथा सहायक सचिव दीपक गुप्ता, वही नावली के सचिव रामदयाल परिहार तथा सहायक सचिव प्रतिभान लोधी, आसपुर सचिव मन्नूलाल आदिवासी तथा सहायक सचिव ओमप्रकाश शर्मा, इसके साथ ही राजेंद्र लोधी सहायक सचिव कुमरौआ को नोटिस जारी करते हुये एक सप्ताह में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए, समीक्षा बैठक में सीईओ नरवरिया ने जनपद स्तर के सभी कर्मचारियों को अपनी अपनी शाखा में बैठकर कार्य करने के निर्देश दिए वहीं एडीओ,पीसीओ को निर्देश दिए कि आप प्रत्येक दिन पंचायतों में भ्रमण करेंगे और ग्राम पंचायतों की प्रगति से जनपद में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, यदि कोई भी कर्मचारी बगैर अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाया गया तो ऐसे कर्मचारियों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी, बैठक के बाद ग्राम पंचायत सेमरी में चल रहे ई-केवाईसी कैंप का निरीक्षण किया तथा कैंप की सराहना की !

## नाबालिक के साथ
# बलात्कार



संजय प्रेम जोशी

थाना हाटपिपलिया ग्राम बोरखेड़ा अंतर्गत एक नाबालिग अनुसूचित जाति की बालिका के साथ बलात्कार एवं जातीय अत्याचार की गंभीर घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोरखेड़ा पूर्वीया निवासी मनीष पिता रमेश विश्वकर्मा, जाति सुतार द्वारा एक नाबालिग बालिका को उस समय अकेला पाकर जबरन खेत में ले जाकर उसका बलात्कार किया गया। घटना के समय पीड़िता शौच हेतु घर के पीछे खेत की ओर गई थी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

धारा 64, 351 (3) - भारतीय न्याय संहिता (BNS)

धारा 5/6 - पोक्सो अधिनियम धारा 3(1) (w-i), 3(1)(w-ii), 3(2)(v-a), 3(2) (v) - अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम



## सहज की छाया में



कविता

चारों ओर चैतन्य बहे, शांति की मधुर धारा सी,
सहज योग के स्पर्श से, जागे आत्मा प्यासी सी।

न कोई द्वंद, न कोई शोर, भीतर का दीप जले,
श्री माताजी की कृपा से, मन के सब ताले खुले।

हवा भी मंत्र जपे यहां , वृक्ष भी ध्यान करें,
प्रकृति भी मौन हो जैसे, सत्य की बात कहे।

हर धड़कन में उठे सुर, गूंजे परम ज्योति का नाम,
सहज योग में मिल जाए, जीवन का सच्चा धाम।

जहां न सीमाएं, न बंधन, बस आत्मा का विस्तार,
श्री माताजी की गोद में, हर पल लगे त्यौहार।

**जय श्री माताजी**

**प्रोफेसर प्रवीण खीरवडकर**



# ओपन जिम का हुआ भव्य नौनिहाल चहके

**सम्पूर्ण वार्ड को नगर में मॉडल वार्ड बनाना लक्ष्य। पार्षद योगेन्द्र शर्मा**



**रणजीत टाइम्स**

भारतीय जनता पार्टी पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा नौबस्ता वार्ड 65 क्षेत्र के महाराणा प्रताप पार्क में ओपेन जिम क्षेत्रीय आम जनमानस को सौंपा गया । इस मौके पर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि वार्ड 65 नौबस्ता पश्चिम क्षेत्र में प्रत्येक गलियां और सड़के खुद ब खुद विकास कार्य बया कर रही हैं।

क्षेत्रीय वरिष्ठजनों ने पार्षद के द्वारा कार्यो की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। वहीं दूसरी ओर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि उनके जीवन की आखिरी सांस आम जनता और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है। ओपन जिम में तरह तरह के झूले और व्यायाम करने हेतु उपकरण पाकर बच्चों के साथ बुजुर्गो में भी खुशी की लहर दिखाई दी। श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार में





सभी वर्गों का ध्यान रखा जा रहा है सड़क पेयजल विद्युत सहित अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ता जमीनी धरातल पर कार्य कर समस्याओं का समाधान कर रहे है। मौजूदा समय में प्रदेश के किसान व्यापारी युवा महिला सहित निर्धन लोगों के चेहरों पर मुस्कान है। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि वार्ड 65 को मॉडल वार्ड बनाना उनका लक्ष्य है तथा अभी तक उनके द्वारा वार्ड 65 में जितने भी कार्य किए गए वो अपने आप में ऐतिहासिक है। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित तिवारी विकास मेहरोत्रा विजय वर्मा राजीव गुप्ता अनिल शर्मा ऋतिक शर्मा विकास मेहरोत्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# मारवाड़ी समाज के सुरेश अग्रवाल (अनुज होटल वाले) बने समाज अध्यक्ष

**रणजीत टाइम्स**

**ऋषि गोस्वामी**

**शिवपुरी- मारवाड़ी अग्रवाल समाज शिवपुरी के द्वारा गत दिवस मारवाड़ी समाज के चुनाव की प्रक्रिया का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से चुनाव अधिकारी एडवोकेट विष्णु गोयल (बंगले वालो) के निर्देशन में चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें आगामी दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।**



यहां सर्वानुमति से समाजजनों के द्वारा मारबाड़ी समाज के अध्यक्ष के रूप में होटल अनुज पैलेस के संचालक व समाजसेवी सुरेश अग्रवाल को समाज अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही समाज की कार्यकारिणी में दायित्ववान पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर आनंद गोयल, तरुण अग्रवाल, सचिव दीपक गोयल, सह सचिव एडवोकेट जय गोयल, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल नवनिर्वाचित घोषित किए गए। मारबाड़ी समाज के इस नवगठित कार्यकारिणी के मनोनयन पर उपस्थित समाजजनों के द्वारा माल्यार्पण करते हुए सर्वप्रथम घोषित कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात उपस्थित समाज बन्धुओं ने समाज को संगठित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मारबाड़ी समाज की इस नव निर्वाचित टीम को बधाई देने के लिए राधेश्याम गुप्ता, डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता, अमन गोयल, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, टिंकेश गर्ग, हरिओम अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजेंद्र कुमार अग्रवाल एडवोकेट, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मारवाड़ी समाज, अनुज अग्रवाल, शैंकी अग्रवाल, एडवोकेट मनीष गोयल, उपेंद्र गर्ग एवं उपस्थित सभी मारवाड़ी समाज के मेंबरों ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी।

# खेतिया पुलिस द्वारा अंधे कत्ल का हुआ खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार

**रणजीत टाइम्स**

खेतिया। 10 जून को फरियादी ज्ञान सिंह पिता सुरता चौहान निवासी खेतिया की रिपोर्ट पर पुलिस थाना खेतिया पर अज्ञात बदमाशों द्वारा उसके पुत्र गंगाराम पिता ज्ञान सिंह चौहान की हत्या करने का अपराध 109/2025धारा 103(1)बीएनएस दर्ज किया गया। खेतिया पाटी रोड पर मालवीय जिनिंग के सामने दिलीप जैन के संतापवाड़ी स्थित खेत पर गंगाराम की हत्या कर दी गई। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई थी ,पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देश पर घटनास्थल पर एसडीओपी राजपुर आयुष अलावा एफएसएल अधिकारी डॉ सुनील मकवाना एवं पुलिस टीम खेतिया ने घटनास्थल पर आवश्यक सामग्री खून आलूदा,मिट्टी चप्पल आदी जप्त किये।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया व आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए एसडीओपी राजपुर आयुष अलावा के मार्गदर्शन



में एवं नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश खेतिया के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश व जांच लगातार की गई ।संदिग्ध व्यक्तियों की पूछताछ के दौरान यह पता चला कि मृतक गंगाराम व आरोपी भगवान दोनों ने एक साथ महुआ की कच्ची शराब पी जो सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाई दिया व संदेही भगवान पिता सीलदार निवासी संतापवाड़ी खेतिया से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मृतक गंगाराम को गहरे गड्ढे में धक्का देने से गिरने से उसके सिर में चोट आई जिससे उसकी मृत्यु हो गई, आरोपी ने हत्या करना स्वीकार लिया,आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आज SDOP आयुष अलावा ने अंधे कत्ल का खुलासा करते बताया कि 10जून को हुए अंधे कत्ल को लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,आरोपी भगवान व मृतक गंगाराम दोनों ने साथ मे शराब पी,किसी बात पर उनका झगड़ा हुआ,आरोपी भगवान ने गंगाराम को गढ्ढे में धक्का दे दिया जिससे उसे चोट आई और उसकी मृत्यु हो गयी,आरोपी द्वारा हत्या करना स्वीकार किया है आरोपी भगवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश,सहायक उप निरीक्षक विक्रम सिंह किराड़े, प्रधान आरक्षक राजेंद्र बर,डे आरक्षक धर्मेंद्र ,आरक्षक विजय ,आरक्षक सुनील ,आरक्षक मानसिंह, चालक आरक्षक लीला शंकर, खेतिया थाना व बड़वानी साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक रितेश खत्री व प्रधान आरक्षक योगेश पाटिल की भूमिका सराहनीय रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 25 लाख सीडबॉल बिखेरने का कार्य स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा सम्पादित किया गया



**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में म.प्र. डे आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा 25 लाख सीडबॉल तैयार किये जाकर जनपद पंचायत पेटलावद, मेघनगर, झाबुआ, थांदला, रामा व राणापुर में सीईओ जनपद पंचायत द्वारा वन विभाग व राजस्व भूमि पर छायादार एवं औषधी पौधो के बीज के कुल 25 लाख सीडबॉल बिखरने का कार्य स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा सम्पादित किया गया है।

गत वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान 2024 में सीडबॉल बिखरने का कार्य चिन्हित पहाडियों पर किया था जिसकी उत्तरजीविता 23.8% रही थी। इस सफलता की सराहना कैबिनेट मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं श्रम विभाग श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा झाबुआ प्रवास के दौरान की गई। इसी को दृष्टि गत रखते हुए इस वर्ष भी ड्रोन एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों के माध्यम से सीडबॉल्स का वृहद स्तर पर छिड़काव किया गया।

सीडबॉल्स छिड़काव से स्वयं सहायता समूह की दीदियों को अतिरिक्त रोजगार एवं आय प्राप्त हुई है। सीडबॉल रोपण के कई फायदे हैं, जिनमें पौधों की विविधता में वृद्धि, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। सीडबॉल बीजों को मिट्टी, खाद और पानी से बनी एक गेंद में लपेटकर बनाया जाता है। यह बीजों को पक्षियों और कृन्तकों से बचाता है और अंकुरण के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। सीडबॉल में इस्तेमाल की जाने वाली मिट्टी एक बाइंडर के रूप में कार्य करती है जो बीजों को एक साथ रखने और उन्हें शिकारियों और खराब मौसम की स्थिति से बचाने में मदद करती है। इसके अतिरिक्त, मिट्टी प्रत्येक बीज के चारों ओर एक सुरक्षात्मक प्राकृतिक आवरण बनाती है, जो अंकुरण को बढ़ावा देती है, जो उच्च सफलता दर सुनिश्चित करती है।



# देवझिरी अद्भुत आस्था विश्वास का तीर्थ स्थल हैं, पूरे देश में ख्यात

**रणजीत टाइम्स**

**झाबुआ।** झाबुआ से कुछ दूर बना हुआ भगवान शिव का अद्भुत तीर्थ स्थल हैं, देवझिरी जो आज सम्पूर्ण देश में ख्यात हैं सावन में कावड़ यात्रा पर दस्तक देता हुआ छाया रहता है भक्तों को यहां समुन्दर एक आलोकित समय होता हैं बस सभा के दिल और दिमाग में दस्तक देता हुआ मन को छू सुख सुकून देता हुआ भगवान शिव, सहज सरल देवता, हर किसी के साथ हो उसे सूख सुकून देते है यही वजह है कि आज इस देवझिरी में देखा जाता हूं सभी धर्म राजनीति से जुड़े हुए व्यक्ति की अद्भुत आस्था विश्वास निष्ठा समर्पण को आज के समय बेहद सार्थक उपलब्धि हैं कि यह वह तीर्थों है जहां सभी की आस्था विश्वास है वरना इस कलयुग में आज जिस तरह धर्म राजनीति के नम से मानव मात्र में दूरियां पैदा कर



राखी है ऐसे समय यह तीर्थ स्थल ज्यादा महत्वपूर्ण हैं और सत्य है कि भगवान शिव भी एकदम सहज सरल हैं जो कहते है बहुत ही जल्दी सभी भक्तों की सुन लेते हैं और उन्हें सुख सुकून देते है और उनकी पत्नी पार्वती भी उनकी तरह एक सहज सरल मन की है यह अक्सर धर्म ग्रंथो में पढ़ने मिलता है तब भक्त भी यह प्रभु शिव की भक्ति कर अजीब सुखद अहसास करता है देश में विश्व में चर्चित 12शिव लिंग आज भरत की शान हैं जान है और आस्था के अनुपम स्थल है।

धन्य धन्य है झाबुआ जिला जहां अद्भुत इतिहासिक स्थल देवझिरी है जहां सालों से मां नर्मदा नदी का पावन पवित्र जल प्रवाहित होता हैं जो इतिहास बताता है कि वह साबित हो चुका है कि यह मां नर्मदा नदी का पावन जल है।

सावन की हल्की हल्की बारिश में खुशनुमा यह पावन स्थल देवझिरी एक अजीब सुख सुकून देता हुआ सभी भक्तों को जीवन अमृत बांट देता है जो सालों उन्हें ऊर्जा देता हुआ सक्रिय रखता हुआ मानव मूल्य पर चलने को प्रेरित करता है प्रणाम सत् सत् प्रणाम देवत्व भूमि झाबुआ प्रभु शिव का दरबार देवझिरी और करोड़ों उनके भक्त सभी को प्रणाम करता है।

रणजीत टाइम्स 06
इंदौर, सोमवार 30 जून 2025

# आयुक्त द्वारा रविवार अवकाश को भी ड्रैनेज सफाई,रेस्टोरेशन के कार्य ओर जल भराव को लेकर बैठक ली

**जहां पर भी कार्य चल रहे हैं वहां पर पर्याप्त बेरिकेटिंग ओर सुरक्षा के पूरे उपाय अवश्य करें**




## जो कर्मचारी कार्य कर रहे हैं उन्हे रेनकोट और जैकेट जरूर पहनाये

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर ।आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा आज रविवार को दोपहर 1:00 बजे से सिटी बस ऑफिस में समस्त जोनल कार्यालय के इंजीनियरों के साथ ड्रेनेज लाइन सफाई एवं जल भराव तथा रेस्टोरेशन के कार्य को लेकर सिटी बस ऑफिस में समीक्षा बैठक की गई ।

आयुक्त श्री वर्मा द्वारा सभी जोनल कार्यालय की जोनवाइज सफाई ड्रेनेज सफाई, जल भराव और रेस्टोरेशन के कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री वर्मा समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि आपके जोन क्षेत्र की ड्रैनेज लाइन चौक नहीं हो, ड्रैनेज चेंबर साफ रहे , स्ट्रॉम वाटर लाइन साफ रहे कहीं पर भी वर्षा जल पानी भरने की, जल भराव की शिकायत आने पर स्वयं मौके पर जाकर शिकायत का निराकरण करें और जल्दी से जल्द जल भराव को, जल जमाव की स्थिति खत्म करें। स्वयं रोज जोन क्षेत्र में घूमे,जहां पर भी कार्य चल रहे हैं वहां पर पर्याप्त बेरिकेटिंग करें जो भी कर्मचारी कार्य करें उसे रेनकोट और जैकेट जरूर पहनाये, सुरक्षा के पूरे उपाय करें। इसी प्रकार शहर में कोई अन्य एजेंसी द्वारा भी कार्य किया जाता है तो उससे भी पर्याप्त रूप से बेरिकेटिंग अवश्य करावे अन्यथा कार्य रुकवा दें सुरक्षा के पूरे उपाय करने के बाद ही कार्य शुरु करे,किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो इसका पूर्ण ध्यान रखें।



# 42 साल तक चार पीढ़ियों का किया इलाज,एक ही जगह दी सेवा...



## ओमप्रकाश सिंह भदौरिया का सेवानिवृति पर किया सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बार्डिया गोयल मे 42 सालों से पदस्थ कंपाउंडर ओमप्रकाश सिंह भदौरिया( भिंड) की सेवानिवृति पर ग्रामीणों ने रविवार को समारोह आयोजित कर सम्मान किया। ग्रामीणों ने उन्हें शाल ओढ़ाकर, साफा बांधकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। भदौरिया ने जब से इस विभाग में सेवा देना शुरू की तब से सेवानिवृति तक यहीं पदस्थ रहे। आपके द्वारा चार पीढ़ीयो का उपचार किया गया। जिससे ग्रामीणों में संतुष्टि रही। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ.हेमराज हाड़ा ने कहा कि पूरी नौकरी एक जगह करना कठिन काम होता है लेकिन डॉ. भदौरिया ने यहां 42 साल 22 दिन तक बेहतर सेवा देकर क्षेत्रवासियों का दिल जीता हैं। भदौरिया ने कहा कि बरडिया गोयल मेरा परिवार बन गया हैं। जिसे में कभी भी भूल पाऊंगा।

### ये थे मौजूद....

इस अवसर पर ऋतुराज सिंह देवड़ा, , संदीप जैन, धर्मेंद्र सिंह , एडवोकेट भूपेन्द्र निंबोला, दिग्विजय सिंह , पुष्पेन्द्र सिंह , कैलाश बनोडिया , मुकेश जाट आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# गुरु मंदिर की प्रतिष्ठा वर्षगाँठ एवं वार्षिक ध्वजारोहाण संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

नागदा। गुरुदेव श्रीमद्विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की छठी प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ।

ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील कोठारी ने जानकारी देते हुए बताया की आज से छह वर्ष पूर्व जीवदया एवं मानव सेवा के मसीहा ज्योतिष सम्राट मोहनखेड़ा तीर्थ उद्धारक आचार्य देवेश श्रीमद्विजय आचार्य ऋषभचंद्र सूरीश्वरजी द्वारा 4 अप्रेल 2019 में अषाढ़ सुदी बीज के दिन शुभ मुहूर्त में मंदिर में गुरुदेव श्री राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराज एवं सरस्वतीदेवी ,लक्ष्मीदेवी गुरुदेव हेमेंद्रसूरीजी, रवीन्द्रसूरीजी की प्रतिष्ठा करवाई गई थी और गुरुदेव के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष होने वाली








ध्वजा का आजीवन लाभ श्रीमान राजमल अशोककुमार नरेंद्रकुमार ओरा प्रेमभाव परिवार ने लिया था। जो प्रतिवर्ष अषाढ़ सुदी बीज के दिन प्रतिष्ठा वर्षगाँठ एवं ध्वजारोहण महोत्सव मनाया जाता है। महोत्सव में सर्वप्रथम ध्वजा के लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया गुरुदेव की आरती कांकरिया परिवार द्वारा की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु महावीर एवं गुरुदेव के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की गई श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा सचिव हर्षित नागदा एवं ट्रस्ट मंडल के समस्त ट्रस्टियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जाजम बिछाकर वार्षिक अष्टप्रकारी चढ़ावे का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में नवकारसी एवं स्वामीवात्सल्य का आयोजन भी किया गया ध्वजा का विधान डॉ विपिन वागरेचा एवं हेमंत कांकरिया ने सम्पन्न करवाया। संगीतमय प्रस्तुति आयुष बोहरा द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व श्री संघ अध्यक्ष सुनील वागरेचा ने किया आभार संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कांकरिया ने व्यक्त किया।

# विश्व हिंदू परिषद का जिला अभ्यास वर्ग संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ I 27 और 28 जून को विश्व हिंदू परिषद जिला राजगढ़ के दायित्वान कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन पाटन रोड स्थित अंत्योदय प्रशिक्षण केंद्र में रखा गया । जिसका उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे । उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्यों से परिचित कराया उन्होंने कहा कि 1964 में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के बाद से जो भी लक्ष्य परिषद ने निर्धारित की है उनमें से कई लक्ष्य परिषद पूर्ण कर चुकी है जो शेष हैं उनके लिए परिषद के कार्यकर्ता तेजी से




कार्य कर रहे हैं ।

इस अभ्यास वर्ग में 10 सत्रों में 66 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । इन सत्रों में प्रांतीय पदाधिकारी प्रांत सहसंयोजक लोकेंद्र मालवीय प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख कपिल शर्मा प्रांत सेवा प्रमुखगोपाल राठी, प्रांत सह मंत्री गोपाल सोनी, संघ के प्रांतीय अधिकारी लक्ष्मी नारायण जी, विभाग मंत्री अशोक गुप्ता ,विभाग संयोजक राजू मीणा, भानु जी सुनील शास्त्री एवं दुर्गा वाहिनी की प्रांत सह संयोजिका आकांक्षा दुबे का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ । इस वर्ग के वर्ग प्रमुख एवं विहिप जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने दायित्व वान कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए ऐसे अभ्यास वर्गों का आयोजन करता है वर्ग से प्रशिक्षित कार्यकर्ता हिंदू समाज के संगठन के लिए, गौ रक्षा के लिए, धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए, घर वापसी अभियान के लिए एवं हिंदू कन्याओं को लव जिहाद से बचाने के लिए ज्यादा उत्साह से कार्य कर पाते हैं ।

इस अवसर पर प्रांत की मात्र शक्ति सह संयोजिका रिंकु सुनेरी,विभाग सह मंत्री तरवर पंवार,विभाग सह संयोजक सुजान गुर्जर जिला मंत्री आशीष मेवाड, जिला संयोजक सोनू शर्मा ,जिला सह मंत्री मयंक जायसवाल ,कमल किरार, सहसंयोजक कमल धाकड़ दुर्गा वाहिनी के जिला संयोजिका रामकला तोमर मात्र शक्ति संयोजिका नंदिनी वैष्णव,जिला कोषाध्यक्ष बृजकिशोर अनंत , बाल उपासना प्रमुख चेतराम गुर्जर, गौ रक्षा प्रमुख लक्ष्मी नारायण तंवर प्रखंड अध्यक्ष उमेश शर्मा प्रखंड मंत्री संतोष राणा महाविद्यालय प्रमुख राजू मालवीय , वैभव सोनी बालचंद किरार, लखन गुर्जर जिला प्रचार-प्रसार प्रभारी सहित जिले के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## आज उनखुर्द बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान का होगा समापन


### खापरजामली, सिरलाई और बेसरकुंड के सरपंचों को मिलेगा मुख्यमंत्री द्वारा सम्मान

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन I जिले में 30 जून को ग्राम पंचायत ऊन खुर्द बुजुर्ग में जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत समापन किया जाएगा। इस अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों, नगर परिषदों में भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 27 अमृत सरोवर, 1857 खेत तालाब और 3858 कूप रिचार्ज के कार्य प्रारंभ किए गए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजना के माध्यम से 5742 कार्य किए गए हैं, जिससे लगभग 42.26 करोड़ लीटर पानी का जल संग्रहण होगा और इन कार्यों से 5725 किसान सीधे लाभान्वित होंगे। अभियान की सफलता एवं प्रचार-प्रसार के लिए जिले की ग्राम पंचायतों में 4930 जलदूतों का पंजीयन किया गया है, जिन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर गांवों में जल संरक्षण का संदेश फैलाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। 30 जून को खंडवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 03 सरपंचों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें खरगोन जिले की भगवानपुरा जनपद की ग्राम पंचायत खापरजामली के सरपंच श्री टेटिया मेहता, बड़वाह जनपद की ग्राम पंचायत सिरलाय के सरपंच श्री राजकुमार वर्मा और कसरावद की ग्राम पंचायत बेसरकुंड के सरपंच श्री भूरेलाल अजनारे को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अमृत सरोवर, खेत तालाब, कूप रिचार्ज एवं जन जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## श्री विद्यासागर जी का दीक्षा दिवस मनाया जाएगा

**रणजीत टाइम्स**




इंदौर । श्रमण संस्कृति के समाधीस्थ महामहिम आचार्य श्री विद्यासागर महामुनि राज का कल दिनांक 30/6/25 सोमवार को पुरे भारत में सकल जैन समाज युगशिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज का 58 वाँ दीक्षा दिवस आषाढ़ मास पंचमी को यानी की कल हे यह शुभ मुर्हुत 58 वर्षो में पहली वार आया हे धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह वही दिन तारीख माह वहीं दिन है जब आचार्य श्री ने दीक्षा ग्रहण कर नमोस्तु शासन को जयवंत किया।कल सभी जिन मंदिर में आचार्य श्री की पुजन एवं आचार्य छत्तीसी विधान करके गुरु के प्रति आस्था के भाव प्रकट करते हुए पुण्य में वृद्धि करे और नमोस्तु शासन को जयवंत करें।

# आ गई विदाई की बेला..

## निगम अधिकारी लता अग्रवाल तीस जून को हो रही है सेवा निवृत

**रणजीत टाइम्स**

**मैं समय हूं , मैं किसी के लिए नहीं रुकता चाहे कुछ भी हो ... इसीलिए कहावत है कि समय बहुत बलवान होता है । शासकीय सेवा में , सेवा निवृत्ति आवश्यक नियम है । पुराने सेवा निवृत होते हैं , उनके स्थान पर नए आते हैं , यह एक अनंत क्रम है ।**

बहरहाल देश की नंबर एक की सिटी इंदौर के नगर पालिक निगम की एडिशनल कमिश्नर लता अग्रवाल तीस जून को सेवा निवृत हो रही है । इन्होंने शहर हित में कई उल्लेखनीय कार्य किए जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है । इन्होंने बगैर किसी के दबाव प्रभाव के दबंगई से कार्य किया । बावजूद इसके कतिपय शातिर अधीनस्थों ने इनकी छवि को प्रभावित





करने की कोशिश की और आंशिक रूप से कामयाब भी रहे।

### उल्लेख करें

लता अग्रवाल से संबंधित सूचना के अधिकार में जानकारी देने के विषय में , तो एक दो नहीं कई प्रमाण हैं जिनमें ये जादूगर सूचना के अधिकार की जानकारियों को घोल कर पी गए । लता अग्रवाल ने आदेश किया कि पंद्रह दिन में जानकारी दे देना लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी जानकारी संबंधित आर टी आई एक्टिविस्ट को नहीं दी गई गई ( मामला सेंट्रल स्टोर्स से जुड़े जादू का है ) आज तक नतीजा सिफर । बावजूद इसके की लता अग्रवाल ने एक दो नहीं बल्कि चार चार आवेदनों में आदेश जारी कर दिया था ।

बहरहाल कामना है कि लता अग्रवाल जैसे ही किसी योग्य अधिकारी को इनका स्थान मिले और शहर हित में बगैर किसी के दबाव प्रभाव में कार्य कर सके।

# खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश

## रतलाम डीजल प्रकरण, दोषी पंप संचालक पर एफआईआर

**उत्सव सोनी, भोपाल**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपो की गहन जाँच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि रतलाम में मुख्यमंत्री कारकेड के वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगाँव से डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना प्रकाश में आई है। खाद्य विभाग जिला रतलाम के अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 ली. जप्त कर पम्प को सील किया गया है।



अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने इस घटना के परिपेक्ष्य में 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्पों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। श्रीमती शमी ने कहा कि निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाना है कि पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवता का डीजल पेट्रोल प्रदाय करने की समस्त कार्यवाही करें। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प की जाँच की जाये, जिसमें प्रतिदिन सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज की जाए। इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण करने के निर्देश भी दिए गए है। सभी आयल कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है की भविष्य में उनकी तरफ़ से कोई समस्या नहीं आएगी और सभी पम्पों की जाँच सघन रूप से की जायेगी। पेट्रोल पम्पों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं जैसे निःशुल्क हवा, पेय जल, महिला एवं पुरुष के लिए पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश ऑयल कंपनियों को दिए गए। साथ ही पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध शौचालयों की प्रतिदिन साफ सफाई करने के भी निर्देश भी दिए गए।

### दल बना कर जांच कराए कलेक्टर्स

श्रीमती शमी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले सभी पेट्रोल पंप की खाद्य, राजस्व, नापतौल एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों का दल बनाकर जाँच कराएं। जांच में पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में किसी प्रकार का जल रिसाव रोकने तथा पेट्रोल पम्प के नोजल से सही गुणवत्ता का डीजल एवं पेट्रोल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किसी भी स्थिति में किसी भी उपभोक्ता को पानी मिश्रित अथवा खराब गुणवत्ता का पेट्रोलियम उत्पाद प्रदाय नहीं किया जाए। इस दौरान खाद्य आयुक्त कर्मवीर शर्मा भी उपस्थित थे।

# चौरल सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में माताजी मंदिर में विशाल भंडारा





महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया ग्राम पंचायत चौरल सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में उनके पिता समाजसेवी स्वर्गीय भगवानदास सैनी की छठी पुण्यतिथि एवं अशोक सैनी सरपंच कार्यकाल के 3 वर्ष पूर्ण होने पर माताजी मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित किया गया इस अवसर पर तेजाजी मंदिर प्रांगण में सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ पूजा अर्चना कर श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया मुख्य रूप से सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, चौरल सरपंच अशोक सैनी, राधेश्याम मुवेल,जुगनू जादवसिंह धनावत, जिला पंचायत सदस्य रूमा भूरू भाई, शैलेश जाट, सुनील यादव, गजेंद्रसिंह राठौर, राजेश पाटीदार, प्रवीण पाटिल,अंकित सैनी, धर्मेंद्र सैनी, रामचंद्र ठेकेदार, रमेश पटेल, अजय सगर, सुनील कौशल, दिनेश सैनी, करणसिंह धनावत, घनश्याम यादव, लला सगर, संजू सैनी,हाफिज भाई, दिनेश पटेल, राकेश पाटीदार, पीसी राजपूत, शेखर देवड़ा, आशीष वर्मा इत्यादि सैकड़ोजन व माता बहनो ने उपस्थित रहकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स